>

Title: Need to increase the amount of honorarium paid to Anganwadi workers and bring them at par with State Government servants.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदय, भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व0 श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा देश के गरीबों के बच्चों की मृत्यु दर में कमी लाने हेतु तथा कुपोषित महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य की देखभाल करने हेतु बाल विकास परियोजनाओं के माध्यम से अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है । लेकिन उन्हें कार्य के अनुसार मजदूरी नहीं दी जा रही है जिसके कारण आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं में काफी आक्रोश है तथा उनके परिवार का भरण पोषण भी नहीं हो पा रहा है । विगत कई वर्षों से उनके संगठन के द्वारा मांग की जा रही है कि उन्हें केन्द्रीय/राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए । क्यों कि वह देश के राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों जैसे, जनगणना, पल्स पोलियो, साक्षरता, आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं । वर्तमान समय में उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम में कार्यरत मजदूर से भी कम मानदेय मिल रहा है । उनके कर्तव्यों एवं भूमिका को देखते हुए मासिक मानदेय कम से कम 6000 रूपये प्रति माह किया जाना चाहि। देश के राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा ग्रामीण इलाके के गरीबों के लिए स्वास्थ्य संबंधी संवाएं दी जा रही हैं । अस्तु अविलंबनीय लोक महत्व के प्रश्न को ग्राह्य करने की कृपा करें ।